मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

जौनपुर संस्करण
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 280
शनिवार, 03 मई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## आज भारत की ताकत सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि हमारी एकता भी है: पीएम मोदी

**अमरावती, 02 मई।** पहलगाम आतंकवादी हमले पर केंद्र की प्रतिक्रिया पर आंध्र प्रदेश के एनडीए सहयोगियों से खुला समर्थन मिलने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आज भारत की ताकत सिर्फ उसके हथियारों में नहीं बल्कि उसकी एकता में भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमरावती में एक रैली में यह टिप्पणी की, जब उन्होंने राज्य में 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिसमें ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती के निर्माण को फिर से शुरू करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह शहर एक सपने का साकार होना और एक विकसित भारत की नींव है।

प्रधानमंत्री के संबोधन से कुछ मिनट पहले मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया और पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री की कार्रवाई का खुलकर समर्थन किया। उनकी टिप्पणियों का जिक्र किए बिना पीएम मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि सैन्य ताकत के अलावा एकता भी भारत की एक प्रमुख ताकत है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, आज हमारी ताकत सिर्फ हथियार नहीं बल्कि हमारी एकता भी है। पूरे देश में एकता मॉल बनाए जा रहे हैं।



कश्मीर के पहलगाम में बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इस बात पर जोर देते हुए कि आंध्र प्रदेश ने सही गति के साथ सही दिशा में अपनी यात्रा तय की है, प्रधानमंत्री ने लोगों और राज्य सरकार को राज्य के विकास में केंद्र की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आंध्र सही गति के साथ सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं राज्य के विकास के लिए आंध्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करूंगा, पीएम मोदी ने कहा।

मोदी ने कहा कि अमरावती एक शहर नहीं बल्कि एक सपना है जो सच हो रहा है... एक नया अमरावती, एक नया आंध्र देखा जा सकता है। अमरावती में एक विकसित भारत की ऊर्जा देखी जा सकती है। आज शुरू किए गए विकास कार्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे और आंध्र प्रदेश के विकास को गति देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, अमरावती एक ऐसा शहर होगा जहां हर युवा के सपने पूरे होंगे। अमरावती एक ऐसी भूमि है जहां परंपरा और प्रगति साथ-साथ चलती है।

## मायावती ने जाति जनगणना को लेकर भाजपा-कांग्रेस पर साधा निशाना

**लखनऊ।** आगामी जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने के केंद्र के हालिया फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उनका बहुजन विरोधी चरित्र ओबीसी समुदायों को उनके वाजिब अधिकारों से वंचित करता आया है।



सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, लम्बे समय तक ना-ना करने के बाद अब केन्द्र ने राष्ट्रीय जनगणना के साथ जाति गणना भी कराने के निर्णय लिया। भाजपा, कांग्रेस आदि द्वारा इसका श्रेय लेकर खुद को ओबीसी हितैषी सिद्ध करने की होड़ मची है जबकि इनके बहुजन-विरोधी चरित्र के कारण यह समाज अभी भी पिछड़ा, शोषित और वंचित है। उन्होंने कहा, वैसे भी कांग्रेस एवं भाजपा आदि की नीयत व नीति बहुजन समाज के प्रति अगर पाक-साफ होती तो ओबीसी समाज देश के विकास में उचित भागीदार बन गया होता, जिससे इनके मसीहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का आत्म-सम्मान व स्वाभिमान का मिशन सफल होता हुआ दिखता। बसपा नेता ने कहा, बाबा साहेब एवं बसपा के अनवरत संघर्ष के कारण ओबीसी समाज आज जब काफी हद तक जागरुक है, तो दलितों की तरह ओबीसी वोटों के लिए लालायित इन पार्टियों के लिए इनकी हितैषी दिखने का स्वार्थ व मजबूरी है।

स्पष्ट है कि ओबीसी का हित बसपा में ही निहित है, अन्यत्र नहीं। मायावती ने कहा, अतः वोट हमारा राज तुम्हारा- नहीं चलेगा के मानवतावादी संघर्ष को सही व सार्थक बनाकर अपने पैरों पर खड़े होने का समय करीब है। जिसके लिए कोताही व लापरवाही घातक होगी। भाजपा और कांग्रेस आदि पार्टियों पर दलित, ओबीसी समेत बहुजन-हित, कल्याण तथा उत्थान हेतु भरोसा करना ठीक नहीं है।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो मनरेगा मजदूरों की मौत, एक घायल

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के थाना नसीरपुर के क्षेत्र शिकोहाबाद नानेमऊ रोड पर शुक्रवार की सुबह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत कार्य कर रहे तीन मजदूरों के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे दो की मौके पर मौत हो गई।

बिजली गिरने से घायल हुए एक मजदूर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिरसागंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी अन्वेष कुमार ने बताया कि आज सुबह सड़क के किनारे काम कर रहे 35 वर्षीय सतेंद्र, 25 वर्षीय विष्णु एवं 30 वर्षीय देवेंद्र कुमार सिंह के ऊपर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। उन्होंने बताया कि सत्येंद्र और विष्णु की मौके पर ही मौत हो गई तथा घायल देवेंद्र को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार की टीम आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने के लिए कार्रवाई कर रही है।

## सिद्धरमैया का दावा, मुझे धमकी भरे फोन आए, पुलिस से दोषियों का पता लगाने को कहा

**कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को खुलासा किया कि उन्हें भी धमकी भरे फोन कॉल आए हैं और उन्होंने पुलिस को जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए सतर्क कर दिया है। सिद्धारमैया ने मंड्या में संवाददाताओं से कहा, ₹मुझे भी धमकी भरे फोन आए हैं, क्या किया जा सकता है? मैंने इस मामले में पुलिस को सूचित कर दिया है कि इसके पीछे कौन है, इस पर कार्रवाई की जाए। हां, मुझे धमकी भरे फोन आए हैं।₹ विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर को कथित तौर पर धमकी भरे फोन आने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए सिद्धारमैया ने यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस को निर्देश दिया गया है कि मंगलुरु में बदमाश सुहास शेट्टी की हत्या में शामिल अपराधियों का जल्द से जल्द पता लगाया जाए और उन्हें गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाए। सिद्धरमैया ने कहा कि उन्हें अभी तक हत्या का कारण पता नहीं चला है। उन्होंने कहा, उसके (शेट्टी) बारे में कहा जाता है कि वह एक गुंडा था। इसकी जांच होनी चाहिए। हत्या के बाद मैंने कल पुलिस से बात की और हमने एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) को मंगलुरु भेजा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, यह पूर्वनियोजित था या नहीं यह अभी पता नहीं चल पाया है।

## गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया आईआईसीटी के साथ सहयोग कर रहे हैं: अश्विनी वैष्णव

**मुंबई, 02 मई।** यह संस्थान उद्योग जगत के साथ मिलकर देश के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करेगा। मंत्री ने कहा कि भारत में लगभग चार करोड़ क्रिएटर्स हैं और वेव्स समिट में 60 देशों के एक लाख से अधिक क्रिएटर्स ने हिस्सा लिया। केंद्र सरकार द्वारा स्थापित भारतीय क्रिएटिव टेक्नोलॉजी संस्थान (आईआईसीटी) को वैश्विक स्तर की सात प्रमुख कंपनियों गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, एप्पल, मेटा, स्टार इंडिया और एडोबी का सहयोग मिला है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई में आयोजित पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) में यह जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि आईआईसीटी



को एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान उद्योग जगत के साथ मिलकर देश के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करेगा। मंत्री ने कहा कि भारत में लगभग चार करोड़ क्रिएटर्स हैं और वेव्स समिट में 60 देशों के एक लाख से अधिक क्रिएटर्स ने हिस्सा लिया। वैष्णव ने कहा कि रचनात्मकता की दुनिया गहन परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। वैष्णव ने कहा कि वेव्स का उद्देश्य दुनिया भर के रचनाकारों को एक मंच प्रदान करना है।

उन्होंने कहा, इससे नई प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी मिलेगी। वेव्स सृजनकताओं को निवेशकों, उत्पादकों और खरीददारों से जोड़ेगा। इससे नए आर्थिक अवसर पैदा होंगे। आईआईसीटी का पहला चरण मुंबई के पेडर रोड स्थित एनएफडीसी इमारत में शुरू हुआ है, जबकि दूसरा चरण गोरेगांव की फिल्मसिटी में 10 एकड़ में विकसित किया जाएगा।

## अब बहानेबाजी नहीं चलेगी, बीजेपी के सारे इंजन खटारा: आतिशी

**नई दिल्ली, 02 मई।** दिल्ली में बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पर आप ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। आप के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब बहानेबाजी नहीं चलेगी, दिल्ली में 4 इंजन वाली सरकार है- केंद्र सरकार, एलजी, दिल्ली सरकार और एमसीडी। उन्होंने कहा कि 1 महीने पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि साल 2025 में दिल्ली में जलभराव नहीं होगा, लेकिन आज सामान्य बारिश में भी कई जगहों पर जलभराव है।

पूर्व सीएम आतिशी ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली में है 4 इंजन की भाजपा सरकार। और यह है गर्मियों की पहली बरसात के बाद दिल्ली का हाल। पहले बिजली, पानी, सीवर में भाजपा फेल। अब



जल भराव रोकने में भाजपा फेल। आप सांसद सजय सिंह ने लिखा कि भाजपा बबार्दी की गारंटी है। उन्होंने आगे लिखा कि मैं बार-बार कहता हूँ बीजेपी के सारे इंजन खटारा हो चुके हैं। दिल्ली में तीन इंजन की सरकार का हाल देखिए पहली ही बारिश में सड़कों पर पानी भरा हुआ है। बीजेपी ने बहुत कम समय में ही दिल्ली को बर्बाद करने का रिकॉर्ड बना दिया है।वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मजनूं का टीला और आईटीओ समेत कई बारिश प्रभावित इलाकों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों के साथ राहत प्रयासों का समन्वय किया। मौसम के कारण राष्ट्रीय राजधानी में व्यवधान पैदा हो गया, जिसके कारण करीब 100 उड़ानें विलंबित हो गईं। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने गंभीर जलभराव के लिए पिछली सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सुबह 5 बजे से ही सरकार और प्रशासन लगातार अलर्ट पर था। सभी डीसी, अधिकारी सड़कों पर खड़े थे। इस कार्यक्रम में आते समय मैंने तीन पॉइंट देखे जहां जलभराव और ट्रैफिक जाम था। रेखा गुप्ता ने कहा कि ये ट्रिपल इंजन की सरकार है, जहां आज केंद्र, दिल्ली और हमारी स्थानीय निकाय मिलकर एक टीम की तरह खड़े हैं और दिल्ली की बिगड़ी हुई व्यवस्था को सुधारने के लिए पूरे जोश के साथ काम कर रहे हैं। मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि मानसून से पहले आज जो ये बारिश हुई है, वो पूरी व्यवस्था के लिए एक खतरे की घंटी है।

## दिल्ली में लगेंगे 3000 स्मार्ट वाटर डिस्पेंसर, हर नागरिक को मिलेगा ठंडा और साफ पानी: जल मंत्री

**नई दिल्ली, 02 मई।** दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 3000 स्मार्ट वाटर डिस्पेंसर लगाए जाएंगे, ताकि लोगों को निःशुल्क, स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कश्मीरी गेट अंतरराज्यीय बस अड्डे पर एक स्मार्ट वाटर डिस्पेंसर मशीन का उद्घाटन करते हुए यह घोषणा की।

यह पहल दिल्ली सरकार की हीट एक्शन प्लान का हिस्सा है। वर्मा ने कहा, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि दिल्ली में कोई भी प्यासा न रहे। यह मशीन केवल तकनीकी समाधान नहीं,



बल्कि जनसेवा की भावना से जुड़ी एक परिवर्तनकारी पहल है। उन्होंने बताया कि आने वाले महीनों में ये मशीनें दिल्ली के प्रमुख स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से लगाई जाएंगी। इस परियोजना को दिल्ली जल बोर्ड कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) ढांचे के तहत लागू कर रहा है। मंत्री ने मशीन की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरे शहर में जल्द से जल्द इसी प्रकार की मशीनें लगाई जाएं। अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक डिस्पेंसर में आरओ-फि ल्टर युक्त 100 लीटर प्रति घंटे की दर से ठंडा और साफ पानी देने की क्षमता होगी, जो प्रतिदिन कुल 800 लीटर तक पानी उपलब्ध कराएगा। इन डिस्पेंसरों में कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कैमरा भी होगा, जो भीड़भाड़ की निगरानी करेगा।

अरूणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर
ARUNODAYA Surgical & Trauma Center



जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)

वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग

गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी
सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

डा. अरूण आर. सिंह
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एस.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवी मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)

डा0 पुनीत सिंह
M.S.M.C.H.
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)

डा0 रवि प्रकाश सिंह
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

डा0 प्रभात सिंह
M.D.( Medicine)
कंसल्टेंट फिजिशियन

डा0 सुमित कुमार सिंह
M.D.( Neuro Psychiatrist)
मानसिक रोग विशेषज्ञ

24/7 Emergency Services

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
ADITYA BIRLA GROUP
Medi Assist
STAR Health Insurance
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर

जरूरतमंद सीनियर सिटिजन के बेहतर देख-भाल हेतु समर्पित संस्था
YASHOJYOTI FOUNDATION'S
(MAHA/1211/2013/THANE)
ज्योति ओल्ड एज होम
JYOTI OLD AGE HOME



Dr. Jyoti MD (AM)

WE SERVICE FOR HUMANITY
Home For Aged, Senior Citizans, Pentioners Paralysis,
• Diabetic, Bed Ridden Patients.,• Paralysis, Alzheimer's dementia, post operative, palliative care schizophrenia, Treatement if needed., • Food Will Be Served Breakfast Lunch, Supple Dinner. (Veg & Non Veg), • Entertainment: Tv, Tape, News Paper, Indoor Games, Ample Place For Walking, Yoga., • 24x7 Ward Boy, Aaya, Atendant To Take Care., • Doctor's visit every day., • Specialist (Psyciaric, Dentist, Cardiologyst, physcian) visit on c, • Ambulance service on call., •
CONTACT NO.- 9820674896/9664682587
Padmakar Mhatre Hospital, Opp. Kakad Paradise, Penkar Pada, Mira Road (E), Thane - 401 107.



# जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने



-ललित गर्ग

पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना के बाद मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान को करारा जबाव देने की तैयारी के अति जटिल एवं संवेदनशील दौर में एकाएक जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लेकर न विपक्षी दलों को बल्कि समूचे देश को चौकाया एवं चमत्कृत किया है। सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वहीं सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा।

जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरूआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया क्योंकि अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है।

जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पडेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेना चाहेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गमार्या जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है। भले ही इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से भाजपा कैसे निपटेगी, यह बड़ी चुनौती उसके सामने है। वैसे भी इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे विवाद भाजपा के लिये एक नयी चुनौती बनेंगे। जाति आधारित जनगणना से भारतीय समाज के नये कोने-अंतरे-चुनौतियां सामने आयेगी। लेकिन जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। जनगणना में दलितों और आदिवासियों की संख्या तो गिनी जाती है और उन्हें राजनीतिक आरक्षण भी मिला हुआ है लेकिन पिछड़ी और अति पिछड़ी (ओबीसी और ईबीसी) जातियों के कितने लोग देश में हैं इसकी गिनती नहीं होती है। जनगणना एक बहुत बड़ी कवायद है और अगर इसमें जातिगत गणना को भी शामिल किया जा रहा है, तो काम और भी सावधानी एवं सतर्कता से करना होगा। हजारों जातियां हैं और उनकी हजारों उप-जातियां हैं। सबको अलग-अलग गिनने के लिए देश को अपनी डिजिटल शक्ति का उपयोग करना पड़ेगा।

निश्चित ही नयी राजनीतिक एवं नीतिगत स्थितियां समस्याएं खड़ी होगी। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है। इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और वह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए। यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं। माना जाता है कि देश की आबादी में 52 फीसदी लोग पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति के हैं। ओबीसी समुदाय के नेताओं का मानना है कि इस हिसाब से उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी काफी कम है। राजनीतिक दल इन समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए जाति जनगणना का समर्थन कर रहे हैं।

भारत में जाति जनगणना आजादी के बाद रुकी, पर अब सामाजिक न्याय, नीतिगत सुधार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए इसकी जरूरत महसूस की जा रही है। पारदर्शिता और सावधानी से किया गया यह कदम समावेशी विकास का आधार बन सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जाति आधारित जनगणना को एक समतामूलक समाज निर्माण के दृष्टिकोण से समर्थन देने के संकेत दिए हैं। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि यह संवेदनशील मामला है और इसका इस्तेमाल राजनीतिक या चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं बल्कि पिछड़ रहे समुदाय और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए। जाति जनगणना के आंकडे प्रस्तुत होने से राजनीति और ब्यूरोक्रेसी में पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों की हिस्सेदारी कितनी कम है, यह डर संभवतः भाजपा को सता रहा था। लेकिन भाजपा का यह डर या तो खत्म हो गया है, या फिर उसने बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में चुनावी लाभ लेने के लिए ये कदम उठाया है। भाजपा इसके खिलाफ थी, उसने जातिगत जनगणना को देश को बांटने की कोशिश करने वाला बताया था। लेकिन एनडीए में शामिल भाजपा की ज्यादातर सहयोगी पार्टियां इसके पक्ष में हैं।

जातिगत जनगणना के आंकड़े 2026 या 2027 के अंत में आएंगे और तब तक बिहार और यूपी के चुनाव हो चुके होंगे। इसलिए इसका चुनावी लाभ लेने की बात सही नहीं है। वैसे भी भाजपा ने हाल के वर्षों में पिछड़ों और दलितों समुदाय को अपने साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल की है। भाजपा इस जातिगत गणना से ये भी दिखाना चाहती है कि पिछड़ों के एक-आध समुदाय को छोड़ दें तो ओबीसी समुदाय का बड़ा हिस्सा उसके साथ है। वैसे तो विभिन्न राजनीतिक दल अमुक-अमुक जातियों का नेतृत्व करने के लिए केवल जाने ही नहीं जाते, बल्कि ऐसा दावा भी करते हैं। इसलिये जाति आधारित जनगणना का लाभ है तो हानि भी है। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि जातिगत जनगणना वंचितों-पिछड़ों के उत्थान में सहायक बने, लेकिन यदि वह विभाजन को बल देती है और देश की एकजुटता प्रभावित करती है तो इससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं होगा। जनगणना के आंकड़े सरकार और जनता के लिए खुले और पारदर्शी होने चाहिए, ताकि सामाजिक संबंधों, आर्थिक अवसरों और राजनीतिक गतिशीलता की नई एवं समानतामूलक दिशाएं उद्घाटित हो सके और भारतीय समाज की विविधता की एक व्यापक सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत की जा सके। कोई भी आंकड़ा तभी सराहनीय है, जब उससे विकास तेज करने में मदद मिलती हो, एक समतामूलक एवं संतुलित समाज की संरचना को बल मिलता हो।

# बिहार की सियासी रण में एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी भी तैयार



अशोक भाटिया

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर में सियासी गर्माहट अपने चरम पर है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार एक बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेगी। ओवैसी ने बताया कि पार्टी ने बहादुरगंज सीट से उम्मीदवार की घोषणा भी कर दी है और इस बार उनका पूरा ध्यान सीमांचल क्षेत्र पर रहेगा।अपने एलान में ओवैसी ने कहा कि हम बिहार चुनाव लड़ेंगे, जिसके लिए हमने बहादुरगंज से उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है। आगे उन्होंने अपने बिहार दौरे को लेकर कहा कि मैं 3 मई को बहादुरगंज और 4 मई को एक अन्य स्थान पर जनसभा करूंगा। ओवैसी ने आगे कहा कि हम मजबूती से लड़ेंगे और हमारे उम्मीदवार पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। सीमांचल की जनता उन्हें सबक सिखाएगी जिन्होंने हमारे विधायक छीन लिए।

बिहार की सियासत में इन दिनों सीमांचल बेहद अहम हो गया है। पिछले कुछ महीनों में तमाम सियासी दलों के बड़े नेताओं ने रैली कर न केवल अपनी ताकत का एहसास कराया, बल्कि जनता के नब्ज को भी टटोलने की कोशिश की। अमित शाह, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के बाद अब एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी अपनी सियासी जमीन तैयार कर रहे हैं। उनके दौरे से एनडीए और महागठबंधन के खेमे में भी हलचल दिख रही है। जानकार भी मानते हैं कि इस इलाके में 'भाईजान' किसी का भी खेल बिगाड़ने की ताकत रखते हैं।

एआईएमआई एम चीफ असदुद्दीन ओवैसी दो दिवसीय 3 व 4 मई को बिहार पहुच रहे है लेकिन लेकिन भाईजान नाम से मशहूर असदुद्दीन ओवैसी ने सीमांचल को ही लोकसभा चुनाव 2024 और बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के चुनावी आगाज के लिए क्यों चुना? ओवैसी ने ऐसे समय पर सीमांचल का दौरा कर रहे है जब लोकसभा चुनाव 2024 के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सीमांचल में रैली कर चुके हैं, महागठबंधन सरकार में शामिल दल भी सीमांचल में महारैली कर अपना शक्ति प्रदर्शन कर चुके हैं। ये बात सभी को पता है कि सीमांचल मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में शुमार है और बिहार में 'ट' फैक्टर काफी मायने रखता है। आरजेडी, कांग्रेस की निगाहें मुख्य रूप से मुस्लिम वोटों पर रहती है और भाजपा भी अब सीमांचल में 'ट' वोटों पर डोरे डालने में लगी हुई है और यही कारण है कि अमित शाह द्वारा बिहार में एनडीए के सरकार से हटने के बाद सबसे पहले सीमांचल का दौरा किया गया था और खुद महागठबंधन सरकार में शामिल दलों द्वारा भी सीमांचल में महारैली कर अपना शक्ति प्रदर्शन की जा चुकी है। जैसा कि सीमांचल मुस्लिम बाहुल इलाकों में शामिल है। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में एआईएमआई एम के 5 सीटों पर जीत मिली थी। हालांकि, 5 में से 4 एआईएमआई एम विधायक आरजेडी का दामन थाम चुके हैं। बेशक एआईएमआई एम के विधायक आरजेडी में शामिल हुए लेकिन आरजेडी को फायदे के बदले नुकसान हुआ। एआईएमआई एम द्वारा गोपालगंज और कुढ़नी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में अपने प्रत्याशी खड़े किए गए थे और दोनों ही जगह आर जे डी यानि महागठबंधन के प्रत्याशियों की हार हुई। सियासी जानकारों के मुताबिक, महागठबंधन दलों का खेल अगर किसी ने बिगाड़ा तो सबसे ज्यादा एआईएमआई एम ने।

सीमांचल इलाकों में 70 फीसदी मुस्लिम आबादी है और एआईएमआई एम मुस्लिमों को ही अपना वोट मुख्य रूप से मानती है। सीमांचल में 24 विधानसभा सीटें और 4 लोकसभा सीटें हैं। ऐसे में ओवैसी को अच्छी तरह पता है कि उन्हें क्या करना है। ओवैसी ना सिर्फ महागठबंध का खेल बिगाड़ेंगे बल्कि भाजपा के लिए भी बेचैनी बढ़ाने का काम करेंगे। पहले भी सीमांचल में एआईएमआई एम को लाभ ही मिला था ऐसे में भाईजान यानि ओवैसी अपनी खोई हुई ताकत को फिर से सीमांचल में वापस पाना चाह रहे हैं। एआईएमआई एम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी चिर परिचित शैली में भाजपा पर हमला करते हुए पूर्णिया के बायसी में कहा था कि मुझे मारना है मार दीजिये पर सीमांचल का विकास होना चाहिए। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि अभी तक पुर्णिया का एयरपोर्ट क्यों नही बना है। बताते चले कि भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचोल ने पिछ्ले दिनों कहा था कि औवेशी के वोटिंग राइट को खत्म कर देना चाहिये उसको पाकिस्तान भेज देना चाहिए साथ ही सरकार उसको जेल भेज में बन्द कर दे। बचौल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ओवैसी ने कहा कि मुझे मार दो पर सीमांचल का विकास कर दो। 4 विधायकों द्वारा पार्टी का साथ छोड़ने पर ओवैसी ने कहा कि भागे विधायक पर भी औवेशी ने कहा कि जिसका जमीर मर गया है उसको जनता सबक सिखाएगी।

सीमांचल दौरे पर पुहंचे ओवैसी कोचाधमन और अमौर में रैली कर रहे हैं। 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर लगभग सभी दल तैयारियां शुरू कर चुके हैं। इतना ही नहीं लगभग सभी दलों की निगाहें सीमांचल पर हैं। एक तरफ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहले ही सीमांचल से चुनावी शंखनाद कर चुके हैं तो दूसरी तरफ महागठबंधन दलों के द्वारा भी महारैली कर शक्ति प्रदर्शन किया जा चुका है। अब औवैसी भी सीमांचल पहुंच रहे हैं और उनकी भी नजर सीमांचल के 4 जिलों की 4 लोकसभा और 24 विधानसभा सीटों पर है। ऐसे में ये देखना दिलचश्प होगा कि ओवैसी को सीमांचल के लोगों का कितना समर्थन मिलता है।

एआईएमआई एम चीफ ओवैसी के सीमांचल दौरे के जवाब में भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कह रहे है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सीमांचल दौरे के बाद सभी दोनों और गठबंधन में दौर शुरू हो गई है। मुस्लिम वोटो की तुष्टीकरण के लिए असदुद्दीन ओवैसी यामहा गठबंधन के घटक दल लगातार इन इलाकों के दौरे पर हैं लेकिन इन लोगों को कोई राजनीतिक फायदा होने वाला नहीं है। पूर्णिया से भाजपा विधायक विजय खेमका ने ओवैसी के सीमांचल दौरे पर पलटवार करते हुए कहा कि ऐसे नेता को पाकिस्तान बांग्लादेश भेज देना चाहिए जो सीमांचल में के लोगो के बीच आपसी सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है, पूर्णिया ढत्रक्र का का गढ़ माना जाता है जिस संस्था को सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है ओवैसी इस मुद्दे पर चुपचाप बैठे हैं। लव जिहाद का केंद्र बना हुआ है सीमांचल।

असदुद्दीन ओवैसी के सीमांचल दौरे पर राजनितिक टिपण्णी करते हुए आरजेडी विधायक मुकेश रौशन ने कहा कौन ओवैसी। वही जो भाजपा के एजेंट हैं। मुकेश रोशन ने कहा ओवैसी कुछ भी करें इस बार सीमांचल की जनता उनके झांसे में आने वाली नहीं है। ओवैसी भाजपा के एजेंडे पर बिहार में काम कर रहे हैं लेकिन अल्पसंख्यक समुदाय उनके एजेंडे को समझ चुकी है।

एआईएमआई एम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के दो दिवसीय सीमांचल दौरे पर जेडीयू ने कहा कि ओवैसी की समाज को बांटने वाली राजनीति अब नहीं चलने वाली। जेडीयू कोटे से बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय यह जान चुकी है ओवैसी भाजपा के इशारे पर हर चीज करते हैं, इसलिए ओवैसी कुछ भी करें बिहार में उनका दाल नहीं गलने वाला।

एआईएमआई एम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के सीमांचल दौरे पर कांग्रेस भी तंज कस रही है। कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान ने कहा 2024 को देखते हुए भाजपा बहुत मेहनत कर रही है। यही कारण है कि ओवैसी साहब का सीमांचल दौरे पर हैं। भाजपा के कट्टर सोच को बढ़ाने के लिए वह यहां आए हैं, लेकिन सीमांचल की जनता सब कुछ जानती है। 2020 में ओवैसी की पार्टी की जीत पर उन्होंने कहा उस समय कुछ परिस्थितियां ऐसी बनी जिस कारण उनकी जीत हुई थी। लेकिन अब सीमांचल की जनता सच्चाई जान चुकी है। ज्ञात रहे कि ओवैसी की पार्टी का जनाधार सीमांचल में अच्छा-खासा है। उन्हें अख्तरुल इमान नाम का एक ऐसा नेता सीमांचल में मिला है, जो शिक्षित और पार्टी के प्रति समर्पित भी है। पिछले लोकसभा चुनाव में ओवैसी को तीन लाख वोट मिले थे। जिसका प्रतिशत बेहतर था। वोट प्रतिशत से ओवैसी को उम्मीद जगी। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में मुस्लिम बाहुल्य सीमांचल में ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने 18 सीटों पर चुनाव लड़ा था। उनमें से 5 सीटों पर जीत हासिल की थी। कई सीटों पर आरजेडी के उम्मीदवारों की हार का कारण भी ओवैसी के उम्मीदवारों को माना गया था। अब एक बार फिर ओवैसी बिहार में अपनी ताकत दिखाने के लिए तैयार हैं।बिहार में हुई जातीय गणना के अनुसार, राज्य में मुस्लिम आबादी लगभग 18 प्रतिशत है। सीमांचल के जिले जैसे किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार मुस्लिम बहुल इलाके माने जाते हैं। किशनगंज में लगभग 67 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। पिछले विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी को इस इलाके में अच्छी सफलता मिली थी। माना जा रहा है कि विधायकों की तोड़फोड़ से ओवैसी तेजस्वी-लालू से खफा चल रहे थे इसलिए गोपालगंज उपचुनाव में अपना उम्मीदवार उतारकर आरजेडी का खेल बिगाड़ दिया।

2022 की शुरूआत में ओवैसी के चार विधायक आरजेडी में शामिल हो गए थे। माना जा रहा है कि गोपालगंज में उम्मीदवार उतारकर एआईएमआईएम प्रमुख ने आरजेडी से बदला ले लिया। गोपालगंज उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार कुसुम देवी को 70,053 वोट मिले। आरजेडी उम्मीदवार राजेंद्र मोहन गुप्ता के खाते में 68,259 वोट आए। इसका मतलब है कुसुम देवी ने राजेंद्र मोहन गुप्ता को 1,794 मतों से हराया। वहीं, इस सीट पर एआईएमआईएम उम्मीदवार अब्दुल सलाम को 12,214 वोट मिले जबकि बहुजन समाज पार्टी (BSP) से चुनावी मैदान में उतरीं इंदिरा यादव को 8,854 वोट हासिल हुए। नतीजों से साफ पता चलता है कि अब्दुल सलाम को मिले वोट कुसुम देवी के जीत के अंतर से सात गुना ज्यादा हैं। वहीं, इंदिरा यादव को मिले वोट भाजपा प्रत्याशी के जीत के अंतर से करीब पांच गुना ज्यादा हैं। अब देखना हैं कि अगले चुनावों में बिहार में ओवैसी की पतंग से किस- किस की पतंग कटती है।

# पूर्व सीजेआई चन्द्रचूड़ के गले की फांस बना तीस्ता सीतलवाड़ को जमानत देना



-संजय सक्सेना

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण और विवादास्पद निर्णय सामने आए, जिन्होंने भारतीय न्यायपालिका और समाज पर गहरा प्रभाव डाला। उनके कुछ निर्णयों और दृष्टिकोणों ने सार्वजनिक बहस को जन्म दिया है, 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित मामलों में साक्ष्य गढ़ने और गवाहों को प्रभावित करने के आरोप में जेल में बंद तीस्ता सीतलवाड़ को जमानत देना पूर्व न्यायाधीश के लिये गले की फांस बनता नजर आ रहा है,क्योंकि यह मामला राष्ट्रपति के पास एक शिकायत के रूप में पहुंच चुका है,जिसकी जांच का आदेश भी राष्ट्रपति ने कानून मंत्रालय को दे दिया है।

तीस्ता सीतलवाड़ पर 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित मामलों में साक्ष्य गढ़ने और गवाहों को प्रभावित करने के आरोप हैं। गुजरात हाईकोर्ट ने 1 जुलाई 2023 को उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें तुरंत आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उसी दिन रात में एक विशेष सुनवाई में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए उन्हें अंतरिम राहत दी। इतना ही नहीं तीस्ता को जमानत मामले की सुनवाई के लिये पहले दो जजो की बेंच बनाई गई। लेकिन इसमें से जब एक जज ने सवाल खड़ा किया कि इतनी जल्दी क्या है जमानत देने की तो मामला फंसता देख तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने तीन चचों की बेंच बना दी जिसने तीस्ता को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट की तीन-न्यायाधीशों की पीठ, जिसमें जस्टिस बी.आर. गवई, ए.एस. बोपन्ना और दीपांकर दत्ता शामिल थे, ने गुजरात हाईकोर्ट के आदेश को पूर्णतः विकृत और विरोधाभासी करार दिया। पीठ ने यह भी कहा कि सीतलवाड़ की हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अधिकांश साक्ष्य दस्तावेजी हैं और पहले ही जांच एजेंसी के पास हैं। एक पूर्व न्यायाधीश ने राष्ट्रपति को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय न्यायिक प्रक्रिया के मानकों के खिलाफ है और इससे न्यायपालिका की साख पर प्रश्नचिह्न लगता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने व्यक्तिगत रूप से इस मामले में हस्तक्षेप किया, जिससे न्यायिक निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न होता है। शिकायतकर्ता का कहना है यह मामला न्यायपालिका की स्वतंत्रता, न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और कार्यपालिका के साथ उसके संबंधों पर व्यापक बहस को जन्म दे सकता है। राष्ट्रपति को भेजी गई शिकायत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है, जो न्यायपालिका की जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर सकती है। चन्द्रचूड़ के अन्य विवादित फैसलों की बात की जाये तो तस्वीर और भी साफ हो जाती है।2018 में, सुप्रीम कोर्ट की एक पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने 4-1 के बहुमत से आधार योजना को संवैधानिक घोषित किया। हालांकि, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने अपने 481 पृष्ठों के असहमति वाले निर्णय में आधार अधिनियम को संविधान पर धोखाष्करार दिया। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को मनी बिल के रूप में पारित करना द्विसदनीयता के सिद्धांत का उल्लंघन है और यह नागरिकों की गोपनीयता के अधिकार का हनन करता है।

2018 में, भीमा कोरेगांव हिंसा के सिलसिले में पांच सामाजिक कार्यकताओं की गिरफ्तारी हुई। जब सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई, तो न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने असहमति जताते हुए कहा कि पुलिस जांच में पक्षपात की संभावना है और एक स्वतंत्र विशेष जांच दल का गठन होना चाहिए। उन्होंने मीडिया में जांच से संबंधित जानकारी के लीक होने को भी जांच की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न करने वाला बताया।2018 में, सुप्रीम कोर्ट ने केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को असंवैधानिक घोषित किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस निर्णय में सहमति व्यक्त की, लेकिन उन्होंने असैनसियल रीजनल प्रैक्टिस के सिद्धांत पर पुनर्विचार की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर महिलाओं के साथ भेदभाव करना संविधान के अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन) का उल्लंघन है।

2023 में, सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने अपने आंशिक असहमति वाले निर्णय में कहा कि समलैंगिक जोड़ों को नागरिक संघ (बपअपस नदपवद) और गोद लेने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्ळठज्फप्।$ समुदाय के अधिकारों की रक्षा करना राज्य की जिम्मेदारी है।2017 में, सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय में गोपनीयता को मौलिक अधिकार घोषित किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस निर्णय में कहा कि गोपनीयता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित है और यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अभिन्न हिस्सा है। इस निर्णय ने बाद में धारा 377 को असंवैधानिक घोषित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

2019 में, सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया कि मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय सूचना के अधिकार अधिनियम यान आरटीआई के तहत आता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस निर्णय में सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायपालिका की पारदर्शिता और स्वतंत्रता एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं, बल्कि दोनों एक साथ चल सकते हैं। 2024 में, सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ( के अल्पसंख्यक दर्जे पर पुनर्विचार करते हुए कहा कि किसी संस्थान की स्थापना अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा की गई हो, तो उसे अल्पसंख्यक संस्थान माना जा सकता है। इस निर्णय ने 1967 के अजीज बाशा मामले को पलट दिया।

# हिंसा और नफरत की बुनियाद पर बैठा पाकिस्तान



संजीव ठाकुर

किसी बात से असहमत होना और उसका हिंसात्मक विरोध करना दोनों अलग-अलग पहलू है। पर पाकिस्तान ऐसा देश है जिसकी पैदाइश ही नफरत और हिंसा के आधार पर हुई है। स्वतंत्रता के बाद जिन्ना ने पाकिस्तान में आतंकवाद का बीज बोया था। पाकिस्तान का यह बड़ा दुर्भाग्य रहा है कि वहां 18 निर्वाचित प्रधानमंत्री में से किसी एक प्रधानमंत्री ने भी अपना पूरा 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। वहां मिलिट्री सत्ता ने हीं स्वतंत्रता के बाद पूरे 76 साल अपनी हुकूमत रखी और भारत के साथ नफरत करके लगातार तीन युद्ध हारा,अभी पाकिस्तान में हालात ये हैं कि उसके पास पीने के लिए पानी नहीं खाने के लिए रोटी दाल आटा भी नहीं है पेट्रोल डीजल और बिजली के दाम आसमान छूने लगे हैं पूरा देश कंगाली के दौर पर गुजर रहा है और इसके बाद भी वह आतंकवादियों का पोषक बना हुआ है और लगातार पूरे विश्व में पाकिस्तान के समर्थित आतंकवादी विध्वंस का काम कर रहे हैं। पहलगाम में आतंकवादियों ने 27 निर्दोष भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या कर भारत सरकार एवं भारत के नागरिकों को उद्वेलित कर दिया अब भारत पाकिस्तान को समूल नष्ट करने की विचारधारा पर आ गया है किसी भी हाल में भारत सरकार और देश के नागरिक पाकिस्तान को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं हैं। वर्तमान में पाकिस्तान के अस्तित्व पर संकट छा गया और उसका भविष्य खतरे में आ गया पाकिस्तान अपने आतंकवादियों के साथ नष्ट होने के कगार पर पहुंच चुका है। पूरा विश्व पाकिस्तान के विरोध में भारत के साथ खड़ा होकर भारत का समर्थन कर रहा है। अब शायद पाकिस्तान और आतंकवाद का बचना लगभग नामुमकिन है। विचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर और हिंसात्मक ताजा ताजा परिणाम फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 30,000 लोगों की जान चली गई11और 50,000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है।

आखिर मानवता को क्या हो गया है इंसान इंसान का इतना बड़ा दुश्मन कैसे बन गया है। लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। वैश्विक शांति में खलबली मच गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है। आइये भारत पर एक रचनात्मक विश्लेषण करते हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बबार्दी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी। आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी, नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता, भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। किसी बात का विरोध हिंसा के बिगड़े स्वरूप की तरफ शासकीय संपत्ति को नष्ट करना देश हित में नहीं।

# दूल्हे के पिता से रुपयों से भरा बैग छीनकर भागे बदमाश

**पुलिस मामले की छानबीन में जुटी**

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र भादी कोरवलिया ग्राम में एक शादी समारोह के दौरान उचक्कागिरी की घटना सामने आई है। कोरवलिया गांव में चंद्रेज यादव की बेटी लक्ष्मी की शादी में मडियाहूं तहसील के सिरिया गांव से आए दूल्हे के पिता प्यारेलाल यादव का बैग बाइक सवार उचक्कों ने छीन लिया ।घटना बुधवार रात करीब डेढ़ बजे की है। प्यारेलाल यादव अपने बेटे विवेक की बारात लेकर आए थे। वह शादी से पहले घर के बाहर कुछ लोगों के साथ खड़े थे।



इसी दौरान बाइक पर सवार दो उचक्के वहां पहुंचे। उन्होंने प्यारेलाल के हाथ से बैग छीना और फरार हो गए। प्यारेलाल के अनुसार बैग में दो लाख रुपए रखे थे ।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान और प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। सीओ ने पुष्टि की कि उचक्कागिरी की वारदात हुई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है और विधिक कार्रवाई में जुटी है ।क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान व प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल शुरू की। सीओ श्री चौहान ने बताया कि उचक्कागिरी की वारदात हुई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर मिली है। पुलिस जांच और विधिक कार्यवाही कर रही है। सीसीटीवी फुटेज से उचक्कों की पहचान की कोशिश की जा रही है, बदमाश जल्द ही पुलिस की गिरफ्तार में होंगे।

# हल्दी की रस्म पर प्रेमिका पहुंची दूल्हे के घर, धोखा देने का लगाया आरोप, किया हंगामा

चंदौली(उत्तरशक्ति)। जिले के इलिया थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक की शादी होने की भनक मिलते ही प्रेमिका उसके घर पर पहुंच गई। उस दौरान घर पर युवक की शादी की तैयारी हो रही है। दूल्हा शादी के लिए हल्दी लगवा रहा था। उसने पहुंच कर हंगामा शुरू कर दिया।



साथ ही डायल 112 परो फोन किया। युवक पर उसे धोखा देकर दूसरे से शादी रचाने का आरोप लगाया। थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक गुजरात की एक बिस्कुट की फैक्टरी में मजदूरी करता है। वहीं बलिया जिले की युवती भी काम करती है। युवती का आरोप है कि साथ में काम के दौरान चार साल पहले दोनों में प्रेम संबंध हो गया। युवक पर उससे शादी का वादा करके यौन शोषण करने का आरोप लगाया। उसे दो बार गर्भपात भी कराना पड़ा। इधर, एक माह से वह अपने घर आया था और उसका फोन भी नहीं उठा रहा था। इसी बीच किसी से पता चला कि वह एक मई को शादी रचाने जा रहा है तो वह उसके घर पर पहुंच गई। दूल्हे को हल्दी लगाई जा रही थी। इस पर प्रेमिका ने हंगामा खड़ा कर दिया और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों पक्ष को थाने पर बुलाकर सुलह समझौता कराती रही।

इसी बीच लड़के के घर वालों और दूसरी तरफ प्रेमिका के परिजन भी सूचना मिलने पर थाने पहुंच गए और पुलिस की मौजूदगी में सुलह समझौता कराया गया। थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की रजामंदी से मामले में सुलह समझौता हो गया है।

# जौनपुर के पांच बच्चे प्रशासनिक सेवाओं में हुए सफल

**युवाओं को प्रेरणा मिले, प्रतिभाओं का सम्मान है जरूरीः केपी सिंह चौहान**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के पांच राजपूत परिवार के होनहार बच्चे भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में सफल हुए। यह हम सबके के लिए गौरव की बात है। प्रतिभाएं किसी की मोहताज नहीं होती है, वह अपना स्थान खुद बना लेती हैं। यह उद्गार मुम्बई से पधारें महाराष्ट्र शिक्षक वेल्फेयर एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पी सिंह चौहान ने व्यक्त किया। उक्त प्रसंग भारतीय प्रशासनिक सेवा में सफल हुए एवं 526 वां रैंक से स्थान पाने वाले डा० सीडी सिंह (सोनिकपुर निवासी) के पुत्र गौतम सिंह (लव) को बधाई देते समय कमला नेहरू बालोद्यान कालेज जौनपुर के प्रबंधक निवास पर कही। उन्होंने कहा कि 'होनहार विरवान के होत चिकने पात'। मैं आपके निकट का ही चिरैयाडीह का रहने वाला हू आपको नजदीक से जानता हूँ। आपके पिता डा.टीएन सिंह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कमच्छा शिक्षा संकाय बीएचयू के जाने माने प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष रहे। जिनकी लिखी पुस्तकें छात्र जीवन से अब तक हम सभी के लिए मार्गदर्शक बनी रहीं। आप स्वयं उच्च कोटि के विद्वान हैं बच्चे के साथ साथ आपको भी इस सफलता के लिए ढ़ेर सारी बधाइयां और शुभकामनाओं सहित अपनी भावना व्यक्त करता हूं आपके दोनों बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मै आशिर्वाद भी देता हूं। डा0 सीडी सिंह ने मुम्बई से पधारे अन्य गणमान्यों का आभार एवं धन्यवाद देते हुए अपनी भावना व्यक्त की। डा0 सीडी सिंह के आवास पर आईडियल पत्रकार संघठन के राष्ट्रीय संरक्षक राकेश सिंह, मुम्बई शिक्षक नेता केपी सिंह चौहान, संतोष चौहान, उद्योगपति मोहन सिंह चौहान मुम्बई, व समाजसेवी आजाद सहित कई गणमान्य उपस्थित होकर अपनी अपनी बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।



# खाना खाने के विवाद को लेकर मारपीट में तीन गिरफ्तार, पुलिस ने किया चालान

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खाना खाने के विवाद को लेकर बात इतनी बढ़ गयी की मारपीट की नौबत आ गयी। जानकारी के अनुसार नगर के इराकियाना मिल्लतनगर निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद फैजान पुत्र हनीफ गुरुवार की रात क्षेत्र के आयर मानिस ढाबे पर अपने दोस्तों के साथ खाना खाने गया था। कुछ देर बाद ही बगल के टेबल पर 28 वर्षीय विनय कुमार पांडेय पुत्र जय प्रकाश पांडेय निवासी मित्तूपुर थाना पवई एवं 21 वर्षीय गोलू यादव पुत्र विजय बहादुर यादव निवासी ग्राम हमीमपुर थाना पवई भी पहुँचे तभी दोनों पक्षों में खाना खाने को लेकर कुछ विवाद हो गया और दोनों पक्ष फौजदारी पर आमादा हो गए और जमकर मारपीट की ।तभी किसी ने कोतवाली पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुँची कोतवाली पुलिस उक्त तीनों युवकों को थाने लेकर आई ।और शुक्रवार की सुबह सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर चालान न्यायालय प्रेषित कर दिया।

# जौनपुर की अक्षिता ने राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किया तीसरा स्थान

**अमित तिवारी**, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अक्षिता श्रीवास्तव सी आई एस सी ई बोर्ड 2025 की 12 वीं की परीक्षा में 99.25% अंकों के साथ आल इंडिया रैंक में तीसरा स्थान प्राप्त कर जनपद जौनपुर का रोशन किया। अक्षिता श्रीवास्तव निवासी ग्राम बदऊआ विकास क्षेत्र मड़ियाहूं जौनपुर सिटी मॉन्टेसरी स्कूल गोमतीनगर की छात्रा है। इनके पिता कौशलेंद्र श्रीवास्तव पुत्र स्व जितेन्द्र श्रीवास्तव लखनऊ में ही इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य हैं। अखिल भारतीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने पर पूरे मड़ियाहूं क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। रवि चन्द्र यादव सचिव जिला कबड्डी एसोसिएशन जौनपुर वीरेन्द्र श्रीवास्तव पूर्व प्रधानाचार्य पुनीत श्रीवास्तव, प्रशांत मिश्रा,रमेश चंद्र यादव वीरेन्द्र सिंह रिंकू श्रीवास्तव आदि लोगों ने बधाई दी।



# पंचायत भवन में हुई चोरी, पुलिस जांच में जुटी

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव के पंचायत भवन को बीती रात में चोरों ने निशाना बनाया। सुबह चोरी की जानकारी होने पर मौके पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल किया।



जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय कैंपस में पंचायत भवन बना हुआ है। गुरुवार को सुबह सात बजे जब विद्यालय के शिक्षक पहुचे तो देखा पंचायत भवन के कमरे का ताला तोड़कर चोरी हुई है। प्रधानाध्यापक कृष्ण कांत मधुकर ने ग्राम प्रधान अनिल यादव फौजी को सूचना दिया। ग्राम प्रधान ने मौके पर आकर डायल 112 और थाने पर सूचना दिया। चोरी की सूचना पर मौके पर डायल 112 की पुलिस और थाने के उप निरीक्षक संजय कुमार फोर्स के साथ पहुच गए। पुलिस ने काफी देर तक जांच पड़ताल किया। पंचायत भवन में लगे सोलर इन्वटर की दो बैटरी, छत पर लगे दो पंखे, 1 राउंडिंग चेयर, 12 फाइबर की कुर्सी को चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। ग्राम प्रधान अनिल यादव फौजी ने पंचायत भवन में हुई चोरी की तहरीर भी पुलिस को दे दिया है।

# बक्शा पुलिस ने रेलवे एक्ट से सम्बन्धित 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों/वांछित की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ।विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी बक्शा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 30.04.2025 को ग्राम औंका में रेलवे ट्रैक पर टीन के ड्रम रख कर घटना करने के सम्बन्ध में मु.अ.सं. 146/2025 धारा 151, 153 रेलवे एक्ट बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना उ.नि. राकेश कुमार राय द्वारा सम्पादित की जा रही है। विवेचना के क्रम में घटना का सफल अनावरण करते हुए आरोपी 1. अफजल अली उर्फ सोनू पुत्र अफसर अली निवासी ग्राम औंका थाना बक्शा, जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष 2. अफजल अली पुत्र रियाज अली निवासी ग्राम औंका थाना बक्शा, जौनपुर को मुखबीर की सूचना पर आज दिनांक 02.05.2025 को समय 06.25 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान सम्बन्धित न्यायालय किया गया।



# वाराणसी बेंच घोटाले के आरोपी से वसूले गए 2.67 लाख रुपए लौटाने का हाईकोर्ट ने दिया आदेश

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के वाराणसी के बेंच घोटाले में आरोपी रहे ग्राम विकास अधिकारी से वसूली गई रकम ब्याज सहित वापस करने का हाई कोर्ट ने आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा याची पार्थ राज सिंह पर लगाए गए आरोप साबित नहीं हुए हैं इसलिए वह वसूली गई राशि आठ प्रतिशत ब्याज के साथ वापस पाने का हकदार हैं। कोर्ट ने एक महीने के भीतर राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया ।यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने दिया ।याची के अधिवक्ता विभू राय का कहना था कि सोनभद्र के याची पर सोनभद्र के दुद्धी थाने में भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा दर्ज है। याची ग्राम विकास अधिकारी है। आरोप है कि गांव में सीमेंट की कुर्सी लगवाने के लिए रुपयों में गड़बड़ी की। विभागीय जांच के दौरान डीपीआरओ के आदेश से उससे 2 लाख 67 हजार रुपए वसूले गए। विभागीय जांच में बरी होने पर याची ने वसूली गई राशि के लिए हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की।

अधिवक्ता विभु राय की दलील थी कि याची विभागीय जांच में बरी हो गया है इसलिए वह वसूली राशि ब्याज सहित पाने का हकदार है ।सुनवाई के दौरान, राज्य के अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि जांच में पार्थ राज सिंह के खिलाफ आरोप साबित नहीं हो सके हैं इसलिए, वह 3 मई, 2024 के आदेश के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही में की गई वसूली की वापसी के हकदार हैं।

अदालत ने राज्य के अधिवक्ता द्वारा दिए गए बयान को ध्यान में रखते हुए, पार्थ राज सिंह की याचिका को स्वीकार कर लिया। अदालत ने 7 अप्रैल, 2022 के वसूली आदेश को रद्द कर दिया और राज्य को पार्थ राज सिंह से वसूली गई 2,67,000 रुपये की राशि तुरंत वापस करने का निर्देश दिया है।

# घर से मेला देखने गई लड़कियां हुई गायब, मचा हड़कम्प

**रियाजुल हक**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बाजार पुलिस चौकी के एक मोहल्ले से एक साथ तीन लड़कियों के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। तीनों में से एक की उम्र चौदह साल, दूसरी की उम्र लगभग 17 वर्ष और तीसरी की उम्र 19 वर्ष बताई गई है। बुधवार शाम लगभग 5:00 बजे यह तीनों लड़कियां एक साथ अपने घर से भूदरा शाह बाबा के होने वाले उर्स मेला देखने के लिए गई हुई थी। परिवार के लोगों ने पहले तीनों को काफी ढूंढने का प्रयास किया और उन्हें बस स्टैंड समेत रेलवे स्टेशन जैसे कि भंडारी जंक्शन सिटी स्टेशन के अलावा अपने रिश्तेदारों के यहां भी काफी तलाश किया जब वह तीनों नहीं मिली तो गुरुवार के दिन कोतवाली जाकर मामला दर्ज कराया। जैसे ही घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को हुई वैसे ही शहर कोतवाल मिथिलेश कुमार मिश्रा ने मामला पंजीकृत करते हुए विवेचना चौकी प्रभारी पुरानी बाजार गोविंद कुमार मौर्य देते हुए जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई तीनों किशोरियों को तलाश करने में जुट गई है। एक साथ तीन तीन किशोरियों के लापता होने से पुरानी बाजार चौकी क्षेत्र में दहशत फैल गई है। यह मामूली बात नहीं है कि दो नाबालिक समेत तीन लड़कियां अचानक से कहां गायब हो गई। तीनों के परिवार में इस समय जैसे मातम छाया हुआ है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा का बाजार गर्म हो गया है।

**एक साथ तीन लड़कियों के गायब होने का मामला आया प्रकाश में**

# अनियंत्रित बाइक खाई में गिरने से एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

जौनपुर(उतरशक्ति)। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पालामऊ के पास शुक्रवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान ज्ञान प्रकाश यादव (24), पुत्र श्यामा यादव, निवासी कनऊखस, थाना नेवड़िया, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लालू यादव (22), पुत्र राजेश यादव, निवासी समोगरपुर, केराकत, गंभीर रूप से घायल हो गए।

**परिजनों रो रोकर हुआ बुरा हाल**





प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात लगभग 11:00 बजे ज्ञान प्रकाश यादव और लालू यादव बाइक से मल्हनी बाजार में अपने एक दोस्त के यहां पार्टी में शामिल होने गए थे। पार्टी समाप्त होने के बाद, वे बाइक पर सवार होकर नेवड़िया लौट रहे थे। रास्ते में, पालामऊ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सामने से तेज रफ्तार में एक चारपहिया वाहन आ रहा था। जिससे बचने की कोशिश में यह हादसा हुआ। खाई में गिरने के कारण ज्ञान प्रकाश यादव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि लालू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने मदद की। घटना के तुरंत बाद वहां चीख-पुकार मच गई। जिसे सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को फोन कर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने ज्ञान प्रकाश यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, लालू यादव का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बाइक तेज गति में थी और सामने से आ रहे वाहन के कारण अनियंत्रित हो गई। पुलिस ने घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है ।परिवार में मातम,ज्ञान प्रकाश यादव की मौत की खबर सुनते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। ज्ञान प्रकाश और लालू यादव मौसेरे भाई थे, और इस हादसे ने दोनों परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है।

# संदिग्ध परिस्थियों में विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बदलापुर थाना क्षेत्र के बलुआ ग्राम निवासी राजेश बहादुर बिन्द की 25 वर्षिय पत्नी पूजा देवी बुधवार की दोपहर साड़ी के सहारे चुल्ला मे फासी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। पूजा की 3 वर्ष पूर्व बलूवा के बदलापुर में शादी हुई थी पूजा देवी का पति बडौदा(गुजरात) में प्राइवेट नौकरी करता है जिस समय घटना हुई उस समय केवल उनके सास ससुर घर में थे प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा का मायका नगर पंचायत सुवंसा फतनपुर जिला प्रतापगढ़ है उनके पिता का नाम राजेश बहादुर बिन्द है। राजेश बहादुर का कहना है कि आए दिन ये हमारी बेटी को ससुराल वाले मारते पीटते थे और दहेज के लिए मांग करते थे यही बात को लेकर मेरी बेटी बहुत परेशान थी और वह फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। ससुराल वालों ने उनके घर पर फोन लगाया और बोला कि बेटी के पेट में दर्द हो रहा है और तबीयत खराब है आप जल्दी से चले आइए। जैसे ही मायके वाले आधे रास्ते में पहुंचें तो थाने से फोन गया कि आपकी बेटी ने फांसी लगा लिया है। मायके वालों का कहना है कि दहेज की प्रताड़ना से परेशान होकर हमारी बेटी ने ऐसा कदम उठाया। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**लड़की के परिजनों ने लगाया दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप**

# अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने एक महीने का निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का किया शुभारंभ

**◆ महिलाओं और बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाना उद्देश्य**





जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने युवतियों और महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पुनः निःशुल्क एक माह ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन निखार ब्यूटी पार्लर खुझी मोड हिसामपुर रोड डोभी में किया ।कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि समाज सेविका पायल किन्नर ने कहा कि अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा नारी उत्थान एवम उनकी आत्मनिर्भरता के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन निश्चित रूप से प्रशिक्षणार्थियों के लिए कारगर साबित होगा। संस्थाध्यक्ष उर्वशी सिँह ने प्रशिक्षिका श्रीमती सरोज गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओ को स्वावलंबी बनाने की इस मुहिम से युवतियां अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी तथा उनके आत्मविश्वास मे वृद्धि होगी।

ट्रस्ट परिवार द्वारा इस तरह के कई बार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा चुका है ।इस अवसर पर संस्थापक दीक्षा सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में बच्चियों का उत्साह देखकर बहुत ही खुशी का अनुभव हो रहा है। बड़ी संख्या में बच्चियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ।प्रशिक्षिका सरोज गुप्ता ने कहा कि बच्चियों को सिखाने के बाद हर सप्ताह एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने पर समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा! जिससे बच्चियों के अंदर सीखने की चाह और उत्साह की भावना बनी रहेगी! कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट परिवार के तरफ से सदस्य, और किरण किन्नर, बबली किन्नर, वंदना यादव, धरमू गुप्ता, शहजादी गुप्ता, दिनेश, उपेन्द्र, ट्रेनर डिम्पल, खुशी, ज्योति अन्य लोग उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन और आभार महासचिव राधिका सिंह ने किया।

# काशी की ऐतिहासिक दालमंडी की बनेगी मॉडल सड़क, डीपीआर तैयार

**◆ श्री काशी विश्वनाथ धाम जाने का रास्ता होगा सुगम**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में दालमंडी सिर्फ एक गली नहीं, बल्कि काशी की सांस्कृतिक और व्यापारिक धरोहर रही है। यह इलाका एक समय बनारसी शिल्प, पारंपरिक वाद्ययंत्र, ठुमरी-संगीत और उर्दू अदब का प्रमुख केंद्र था। आज यह इलाका स्थानीय व्यापार और श्रद्धालुओं के लिए एक व्यस्त मार्ग बन चुका है, जो काशी विश्वनाथ धाम से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण रूट बन गया है।

अब यह गली 'हर हर महादेव' के उद्घोष और 'ॐ नमः शिवाय' की धुन में डूबने जा रही है। शासन इसे भक्ति पथ और मॉडल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**650 मीटर लंबी, 17 मीटर चौड़ी बनेगी सड़कः** प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस परियोजना के अंतर्गत दालमंडी की 650 मीटर लंबी सड़क को 17 मीटर चौड़ी किया जाएगा ।सड़क के दोनों ओर डिक्ट (डक्ट) बनाए जाएंगे ताकि भविष्य में बिजली, पानी या टेलीफोन जैसी सेवाओं के लिए सड़क की खुदाई न करनी पड़े ।यह सड़क मॉडल सड़क के रूप में विकसित होगी, जिसमें ट्रैफिक नियंत्रण, पैदल यात्रियों के लिए पाथवे, एलईडी स्ट्रीट लाइट्स और ड्रेनेज सिस्टम शामिल होंगे।

**योजना के लाभ**

- ◆ श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ धाम तक बेहतर और चौड़ा मार्ग मिलेगा।
- ◆ भक्ति मार्ग के रूप में इसका सौंदर्यीकरण होगा।
- ◆ भविष्य में जरूरी सेवाओं के लिए खुदाई नहीं करनी पड़ेगी।
- ◆ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचेगा।

**अतीत से वर्तमान तक की यात्रा**



**डीपीआर तैयार, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम ने किया सर्वे :** इस परियोजना की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनकर तैयार है, जिसे अगले सप्ताह शासन को भेजा जाएगा। पीडब्ल्यूडी और नगर निगम दोनों ने मिलकर जमीन का सर्वे और टेक्निकल रिपोर्ट तैयार कर ली है ।पहले चरण के लिए 24 करोड़ का बजट पहले ही जारी कर दिया गया है ।इस महत्वाकांक्षी योजना पर कुल अनुमानित रू. 220 करोड़ खर्च होंगे, जिसमें यदि भूमि अधिग्रहण और मुआवजे की जरूरत पड़ी तो यह बजट रू. 250 करोड़ तक जा सकता है।

**अतिक्रमण हटाकर साफ की गई गलीः** इस सड़क चौड़ीकरण योजना के तहत प्रशासन ने हाल ही में दुकानों के बाहर बने अतिक्रमण, टीन शेड, तिरपाल आदि को हटाया है ।इसके बाद गली की असली चौड़ाई और स्वरूप सामने आया, जिससे स्पष्ट हो गया कि यहां चौड़ी सड़क बनाई जा सकती है। प्रशासन का मानना है कि दालमंडी के सुधरे स्वरूप से काशी विश्वनाथ धाम तक पहुंचने का मार्ग काफी सुलभ और सुगम हो जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को लाभ होगा।

**मई में मिल सकता है अतिरिक्त बजट, भूमि अधिग्रहण शुरू होने की संभावनाः** सूत्रों के अनुसार मई में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त बजट जारी किया जा सकता है ।इसके बाद भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू किया जाएगा। मई के अंत तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ होने की प्रबल संभावना है।

**व्यापारियों की चिंताः हमारी पहचान छिन जाएगीः** जहां शासन इस गली को संवारने की तैयारी में है, वहीं दालमंडी के व्यापारियों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। व्यापारी वर्ग का कहना है हमारी पहचान दालमंडी की इस ऐतिहासिक गली से जुड़ी है। अगर गली ही नहीं रहेगी, तो हमारा व्यवसाय और रोजगार खत्म हो जाएगा।

कई दुकानदारों का मानना है कि चौड़ीकरण के नाम पर अगर उन्हें हटाया गया तो उनकी जीविका पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। हालांकि प्रशासन ने अभी तक विस्थापन या पुनर्वास को लेकर कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की है।

**संभावित चुनौतियाँ**

- ◆ भूमि अधिग्रहण में विवाद और कानूनी अड़चनें।
- ◆ व्यापारियों का विरोध और पुनर्वास की मांग।
- ◆ ऐतिहासिक पहचान और पुरातन विरासत की सुरक्षा।

**निष्कर्षः परिवर्तन की ओर बढ़ती दालमंडी**

दालमंडी, जो कभी सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और स्थानीय व्यापार की पहचान थी, अब आधुनिक काशी के विकास मॉडल का हिस्सा बनने जा रही है। यह बदलाव सिर्फ भौतिक स्वरूप का नहीं, बल्कि मानसिकता का भी है—जहां परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। अगर यह परियोजना सही ढंग से लागू होती है, तो दालमंडी न सिर्फ श्रद्धालुओं के लिए एक सुगम मार्ग बनेगी, बल्कि यह पूरे देश में हेरिटेज प्लेस को मॉडल सड़क में बदलने की मिसाल बन सकती है।

